## एक नजर में

### परिवहन विभाग की कुंआबादला में कार्रवाई, महाराष्ट्र से आ रहे ओवरलोड वाहनों पर सख्ती, अवैध वसूली पर नजर



**तामिया।** तामिया के कुआंबादला में आज दिन गुरुवार 12 फरवरी 3 बजे महादेव मेले पर संचालित वाहनों की जांच परिवहन विभाग द्वारा किया गया इस दौरान यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, किराया सूची, यात्रियों की ओवरलोडिंग की सघनता से जांच की गई। जांच में मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर 18 वाहनों पर 22900 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया वहीं अवैध वसूली सख्तक करने की बहन चालकों मे हड़काम सा मचा हुआ है आरटीओ कार्यालय से आए लोगों ने अपनी करवाई करते नजर आ रहे हैं।

### अवैध कॉलोनियों की शिकायतों पर नगर निगम का निरीक्षण



**छिंदवाड़ा।** नगर क्षेत्र में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के संबंध में प्राप्त शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को नगर निगम उपायुक्त आर.एस. बाथम द्वारा चंदन गांव, सर्रा एवं परासिया रोड क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, इंजीनियर भानु सूर्यवंशी एवं स्मिता इंदोरकर भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अवैध कॉलोनियों से जुड़ी शिकायतों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

### सिमरिया में 11 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा आज

**मोहखेड़।** सिमरिया के श्री केशव गौ समिति आश्रम में 13 से 23 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 11 दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10 बजे तक पूजन,रूद्राभिषेक एंव सुबह 10 बजे से 11 बजे तक यज्ञ में आहुति.कथा का वाचन आचार्य व्यास अशोक,श्री शिवकुमार वशिष्ठ शास्त्री (इंदौर वाले) द्वारा अमृतमयी कथा का रसपान किया जाएगा। शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजक महंत दमोदर श्री केशवराव भोजने के अनुसार कथा के दौरान भगवान शिव की कृपा, भक्ति, वैराग्य और जीवन में धर्म व सत्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। शिव महापुराण कथा से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा और श्रद्धालुओं को मानसिक शांति व सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होगी। मंदिर समिति ने समस्त शिव भक्तों और धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित करें।

### उद्यानिकी महाविद्यालय छिंदवाड़ा हॉर्टिकल्चर प्रीमियर लीग का हुआ सफल आयोजन

**छिंदवाड़ा।** उद्यानिकी महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अधिष्ठाता डॉ. आर.सी. शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा छिंदवाड़ा हॉर्टिकल्चर प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन 7 से 12 फरवरी तक किया गया। इस इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल टीमों में साइलेंट स्ट्रिकर कप्तान रोहित ठाकुर, लीजेंड किलर कप्तान निखिल कोराव, राउडी बॉयस कप्तान दीपक विनारे एवं एग्रो वेरियास कप्तान मयंक मनेश्वर शामिल थे। सभी टीमों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बनाया। सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल मैच राउडी बॉयस और एग्रो वेरियास के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंततः एग्रो वेरियास ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की और ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस टूर्नामेंट के माध्यम से छात्रों में खेल भावना, एकता और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय रहा।

**जायजा** — आदिवासी बालक आश्रम की व्यवस्थाओं से संतुष्ट, अधीक्षक देवानंद नागरे एवं बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा की सराहना

# संभागीय उपायुक्त गणेश भावर ने किया बिछुआ विकासखंड का आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 12 फरवरी, छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी बाहुल्य बिछुआ विकासखंड का संभागीय उपायुक्त गणेश भावर ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आदिवासी बालक आश्रम पहुंचकर वहां की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। उपायुक्त भावर ने आश्रम के विद्यार्थियों से सीधे शैक्षणिक संवाद किया और विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे।** विद्यार्थियों द्वारा आत्मविश्वास के साथ दिए गए संतोषजनक उत्तरों से वे प्रभावित हुए तथा बच्चों के **शैक्षणिक स्तर की प्रशंसा की।**



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शयन कक्ष, भोजन कक्ष, परिसर की साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था तथा आरओ वाटर सिस्टम का अवलोकन किया। सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। संभागीय उपायुक्त ने आश्रम अधीक्षक देवानंद नागरे की कार्यशैली और अनुशासन की सराहना करते हुए जिला , संभाग स्तरीय में सम्मान हेतु प्रस्तावित करने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्रा को दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था के बेहतर संचालन, सतत मॉनिटरिंग और व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से ही विद्यालयों में सकारात्मक परिणाम दिखाई देते हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

## आज होगा जाटाछापर क्रिकेट प्रीमियर लीग सुपर-8 का फाइनल मुकाबला



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 12 फरवरी, ग्राम पंचायत जाटाछापर में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला आज शुक्रवार को खेला जाएगा। क्षेत्र में टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।**

टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला। पहला मैच कौमी एकता जाटाछापर और रावनवाड़ा के बीच खेला गया, जिसमें कौमी एकता जाटाछापर ने 31 रन से शानदार जीत दर्ज की।

दूसरा मुकाबला न्यूटन और जुन्नारदेव के बीच हुआ, जिसमें न्यूटन की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत हासिल की।

तीसरा मैच चांदामेटा और छिंदवाड़ा के बीच खेला गया, जिसमें छिंदवाड़ा की टीम ने 50 रन से विजय प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, सरपंच नरेंद्र धुर्वे, पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आज होने वाले फाइनल मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है।

## जागरूकता शिविर में सुरक्षित बैंकिंग से अवगत हुए ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 12 फरवरी, भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 के दौरान गुरुवार को आशा एनजीओ द्वारा ग्राम पंचायत जुनापानी भवन में विशेष जागरूकता शिविर लगाया गया।**



इस कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक किया गया।एसबीआई बीसी द्वारा ग्रामीणो को बैंक की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विशेष रूप से उन ग्राहकों की मदद की गई जिनके खाते लंबे समय से लेनदेन न होने के कारण बंद पड़े थे।बीसी ने ग्रामीणो को बताया कि केवाईसी अपडेट करने के नाम पर किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी गोपनीय जानकारी न दें। उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधी फर्जी लिंक भेजकर खाते से पैसे उड़ा सकते हैं। इस दौरान बैंक बीसी चितरंजन, प्रवीण भोपा, एसएचजी कीर्ति पवार, अंबिका, सचिव मोहन चौरसिया, सहायक सचिव राजेश पराडकर, शिक्षक गुलाबराव कड़वे,आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता समेत ग्रामीणजन मौजूद थे।

### चांद कालेज में विष्णु खरे स्मृति व्याख्यान आयोजित

**छिंदवाड़ा।** शासकीय महाविद्यालय चांद के हिन्दी व अंग्रेजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छिंदवाड़ा के लब्ध प्रतिष्ठित कवि विष्णु खरे स्मृति व्याख्यान में प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने विष्णु खरे को प्रबल प्रतिभा का विश्वासी, कुशाग्र समझ, सामाजिक यथार्थ के कुछ अभागे व अलक्षित पक्षों की तल्खजुबान वाला साहित्यकार बताया। हिन्दी कविता को नई वैचारिक दिशा की सुघड़ता देने वाले कीर्तिलब्ध खरे संस्कृति के अतिरेक से बचने पर जोर देते थे। उनकी अभिव्यक्ति में सार्वजनिक निंदा और नैतिक संकोच के लिए कोई मुरव्वत नहीं थी।

## छात्र संगठन एनएसयूआई की हुई जीत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 फरवरी,** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने पीजी कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य का किया धन्यवाद प्रदेश महासचिव एन.एस.यू.आई. अपेक्षा सूर्यवंशी एवं पीजी कॉलेज अध्यक्ष एन.एस.यू.आई.अर्पित तिवारी ने बताया कि विगत दिनों पीजी कॉलेज एवं कलेक्ट्रेट में छात्र संगठन एन.एस.यू. आई. ने परीक्षा परिणाम एवं अन्य समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था और ज्ञापन दिया था जिसमें अधिकारियों द्वारा कार्यवाही का आदेश दिया गया जिसमें छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने का मौका मिल रहा है इसको लेकर छात्र संगठन एन.एस.यू.आई ने प्राचार्य महोदय को महाविद्यालय पहुंचकर धन्यवाद दिया आज हस्द्ध पदाधिकारियों में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव अपेक्षा सूर्यवंशी, पीजी कॉलेज अध्यक्ष अर्पित तिवारी,अभिजीत इवनाती, कुशाल पाल,ईशान रजा,धनराज यादव सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## अमृत 2.0 के तहत दीनदयाल पार्क में विशेष पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 फरवरी, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2026 को अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत दीनदयाल पार्क में हरित क्षेत्र विकास (पार्क) घटक के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत विशेष पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम में रोपित पौधों की देखभाल, संरक्षण की विधियों तथा पौधरोपण के सामाजिक एवं वैज्ञानिक लाभों की जानकारी नागरिकों को दी गई। साथ ही संबंधित फोरेक्स शीट के माध्यम से आई.ई.सी. गतिविधि आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी एवं सब इंजीनियर शिवप्रसाद पंद्राम, सिटी मिशन मैनेजर उमेश प्याशी, सेवंती पटेल, सोशल एक्सपर्ट प्रांशु सिंह, आई.ई.सी. टीम, निकाय कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि पर्व को लेकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 फरवरी,** नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के निर्देशानुसार आगामी शिवरात्रि पर्व की समुचित व्यवस्थाओं के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिवनी रोड ब्रिज के नीचे फल-फरूट एवं मंगोड़े विक्रेताओं को निर्धारित समय में स्वयं अतिक्रमण हटाने हेतु अनाउंसमेंट कराया गया। इसके साथ ही पातालेश्वर मंदिर एवं मोक्षधाम मंदिर परिसर के आसपास किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in
क्र. RO MP-27011/22/2025 Sales-RO MP दिनांक: 12.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति नोटिस**

भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम द्वारा 2025-26 के दौरान खुला बाज़ार बिक्री योजना (घरेलू) के अंतर्गत टूटे हुए चवल को ई-नीलामी के माध्यम से पंजाब, हरियाणा एवं आंध्र प्रदेश में बेचा जा रहा है। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि किसी भी राज्य या क्षेत्र का कोई भी बोलीदाता पंजाब, हरियाणा और आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली ई-नीलझमी में भाग लेकर टूटे चावल की खरीद कर सकता है।


## बैठक — श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर हुआ मंथन, हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

# महादेव मेले को लेकर जुन्नारदेव थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 12 फरवरी, स्थानीय पुलिस थाने में आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव मेले के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग के आला अफसरों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।**



बैठक के दौरान मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए यातायात प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम थाना प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मेला क्षेत्र की कड़ी निगरानी की जाएगी। सादे कपड़ों में पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके। यातायात को सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था की गई है। शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे मेले के दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव ने कहा कि महादेव मेला हमारी आस्था प्रतीक है। इसे सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद ने कैंसर के 2 और गंभीर मरीजों को इलाज के लिये दिलवाये 6 लाख रूपये

**छिंदवाड़ा।** पीड़ित और आर्थिक रूप से कमजोर गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की हर संभव सहयोग के लिए हरदम तैयार रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने एक बार फिर कैंसर की बिमारी से गंभीर रूप से बीमार 2 मरीजों के ईलाज के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए है। सांसद श्री साहू की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 2 मरीजों के लिए 6 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर दी है। उक्त आर्थिक सहायता राशि मिलने से दोनों गंभीर मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा।


**कार्यालय कलेक्टर पांढुर्णा मध्यप्रदेश एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**अधिसूचना**

क्रमांक / 300 A / प्रस्तु./ भू-अर्जन / 2026 पांढुर्णा दिनांक 21 /1 / 2026

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाड़ा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार मौजा ग्राम - खेडीधानभोयर, तहसील पांढुर्णा जिला पांढुर्णा के छिन्दवाडा सिचाई कॉम्पलेक्स परियोजना अंतर्गत बैलेसिंग रिजर्वायर पांढुर्णा बांध निर्माण हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में ÷ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग - 1 में दिनांक 24/01/2025 को किया गया है।

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिंदवाड़ा के पत्र क्रमांक 237/ कार्य/2026-27 छिन्दवाडा दिनांक 15/01/2026 के परिपेक्ष्य में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 25 के अंतर्गत समुचित सरकार द्वारा बारह मास की अवधि के अवसान उपरांत अवसान अवधि से अगामी बारह मास की अवधि के लिये समयवृध्दि की जाती है।

भूमि का वर्णन पूर्ववत यथावत निर्धारित रहेगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(नीरज कुमार वशिष्ठ)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-25723/25